Bharat Temples

रंग जी बना की,
गोदा बनी रे दुल्हनिया,
खूब सजाए उनकी सब सखियां,
उनकी सब सखियां,
गोदा बनी रे दुल्हनिया।।

ठुमक ठुमक जब चले,
गोदा महारानी,
पायल बाजे छम छम,
चाल गजगामिनी,
संखिया उतारे उनकी,
राय लूनिया,
गोदा बनी रे दुल्हनिया।।

रंगजी बना जब,
तोरण पे आए,
शोभा लागे प्यारी प्यारी,
बरनी ना जाए,
माता उतारे उनकी,
राय लूनिया,
गोदा बनी रे दुल्हनिया।।

सजीया बाराती देखो,
संग में है आए,

नाना भाँती के सामने,
रूप बनाए,
घोड़ी तू नाचे कूदे,
नाचनिया,
गोदा बनी रे दुल्हनिया।।

तेरे लिए मैंने तो,
शर्म लाज छोड़ी रे,
तुझ संग जोड़ी तो,
जगत संग तोड़ी रे,
तू है मोहन,
में तेरी मोहनिया,
गोदा बनी रे दुल्हनिया।।

रंग जी बना की,
गोदा बनी रे दुल्हनिया,
खूब सजाए उनकी सब सखियां,
उनकी सब सखियां,
गोदा बनी रे दुल्हनिया।।

भजन गायक द्वारका मंत्री।
9425047895

Source: https://www.bharattemples.com/rang-ji-bana-ki-goda-bani-re-dulhaniya/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw